–प्रेस नोट–

जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक 29.03.2024

➢ **<u>थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र फेक्ट्री जब्त करते हुए 04 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 28.03.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री महावीर सिंह थाना कोतवालीनगर मय हमराहीगण द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री को जब्त करते हुए 04 अभियुक्तगण 1– जावेद पुत्र फैज मौहम्मद निवासी खालापार थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर 2– शमशाद पुत्र नत्थू निवासी दक्षिणी खालापार थाना कोतवालीनगर, 3– दानिश पुत्र ताहिर सिद्दीकी निवासी मौहल्ला किदवई नगर, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर 4– तसलीम पुत्र शमीम अहमद निवासी ग्राम दतियाना थाना छपार, मुजफ्फरनगर को यादराम का मकान मिमलाना रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से भारी मात्रा में बने–अधबने अवैध शस्त्र (05 पिस्टल, 03 रिवाल्वर, 11 तमंचे, 02 मस्कट, 01 बन्दूक 12 बोर) 07 कारतूस जिन्दा व 03 खोखा कारतूस तथा शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 143/24 धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम व 120 बी भादवि पंजीकृत किया गया।

➢ **<u>थाना मीरापुर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र, व 01 मोटरसाईकिल सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 29.03.2024 को थाना मीरापुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिहं मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त जावेद पुत्र खलील निवासी ग्राम सीकरी थाना भोपा, मुजफ्फरनगर को नहर पटरी मुझेड़ा कट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 पिस्टल .32 बोर (ऑटोमेटिक, मेड इन जापान),01 जिन्दा कारतूस .32 बोर, 01 अपाचे मोटरसाईकिल (फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई), 02 फर्जी नंबर प्लेट बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मीरापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 53/24 धारा 3/25 आयुध अधिनियम व 413,420,465,468,471 भादवि पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 18 लाख रुपये बरामद–**

दिनांक 28.03.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री बबलू सिहं वर्मा थाना नई मण्ड़ी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0– 102/2024 धारा 408 भादवि में वांछित अभियुक्त आशुतोष शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा निवासी मौहल्ला चौक कस्बा व थाना बीबीनगर, बुलन्दशहर को पचेण्डा पुल के पास टाईल्स की दुकान से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 18 लाख रुपये नगद बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्ड़ी पुलिस द्वारा पंजीकृत अभियोग में थारा 411, 120बी की वृद्धि की गयी।

➢ **थाना जानसठ पुलिस द्वारा अवैध नशीली दवाई तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 4,16,685/– रुपये कीमत की नशीली दवाईयां बरामद।**

दिनांक 28.03.2024 को थाना जानसठ पर नियुक्त व0उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त विपिन पाल पुत्र फौजपाल निवासी ग्राम व थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर हाल पता गाँधीनगर छंगा मन्दिर के पास थाना नई मण्ड़ी, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस चौकिंग भलवा चौकी खतौली रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 36480 कैप्सूल, 1500 नशीले इंजेक्शन, 1800 नशीली गोली तथा 01 आल्टो कार नंबर यूपी12 बीक्यूं 2875 बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जानसठ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 68/2024 धारा 8/22/29/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।